तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गणतंत्र दिवस पर नवागढ़ नगर हुआ देशभक्ति के रंग से सराबोर



10 ग्राम जौग में पांच दिनी श्री अखण्ड नवधा रामायण ...



## खबर संक्षेप

### जुआ-सट्टा व नशे पर सक्त कार्रवाई नहीं हुई तो होगा सड़क पर आंदोलन : प्रांजल तिवारी

**बेमेतरा।** जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कड़े शब्दों में बयान जारी करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के दिन विधायक निवास से मात्र 100 मीटर की दूरी पर जुआं का फड़ पकड़ा जाना बेहद दुर्भाग्यजनक और चिंताजनक है। यह घटना जिले में कानून-व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि पूरा क्षेत्र धीरे-धीरे अवैध गतिविधियों का गढ़ बनता जा रहा है, जहां जुआ, सट्टा और अवैध नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि विधायक निवास के इतने समीप अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं, लेकिन पुलिस ने तब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जब तक मोहल्लेवासियों और सभ्य नागरिकों को स्वयं आवाज उठाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि जुआ, सट्टा और नशे के कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ होकर अपना धंधा चला रहे हैं, जिससे आमजन में असुरक्षा और आक्रोश का माहौल बन रहा है। युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की कि इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल, कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई कर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर न केवल प्रशासन, बल्कि अवैध कार्यों को संरक्षण देने वाले 'आकाओं' के खिलाफ भी पुरजोर आंदोलन करेंगे।

### शिवसेना ने धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा।** शिवसेना पार्टी ने सेवा सहकारी समितियों में धान विक्रय की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम पत्र प्रेषित कर जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा मंमगई को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर दाऊ राम चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के लिए जिला बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश में प्रतिदिन खरीदी की जो सीमा तय की गई है, वह अत्यंत कम है। सीमित खरीदी के कारण बड़ी संख्या में किसान अपना धान समय पर नहीं बेच पा रहे हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों से धान खरीदी को लेकर जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया जाना चाहिए। जब तक किसानों का पूरा धान नहीं बिक जाता, तब तक खरीदी प्रक्रिया को बंद नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान गति से धान खरीदी होने पर 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित समय सीमा में सभी किसानों का धान खरीदा जाना संभव नहीं है। शिवसेना ने मांग की कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी की समय-सीमा में वृद्धि की जाए, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो किसानों के साथ अन्याय होगा।

### शिक्षक के साथ हुई मारपीट

**भिलाई।** विवाद को लेकर समझाने गए शिक्षक के साथ मारपीट हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जलेबी चौक कैंप 1 भिलाई निवासी शिक्षक संजय सिंह कुशवाहा तितुरडीह स्कूल में पदस्थ है। 25 जनवरी को अपने दोस्त पिंटू और अन्य लोगों के साथ ग्राम एम जामगांव में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान कुछ युवक आपस में विवाद कर रहे थे।

# नपा बेमेतरा की सामान्य सभा में करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी, सियासी घमासान भी तेज

## 3 करोड़ के ऑडिटोरियम सहित कई अहम प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद बेमेतरा की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर सर्वसम्मति से पारित किया गया।

करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति देकर परिषद ने शहर के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया। बैठक में पी.जी. कॉलेज परिसर में 3 करोड़ रुपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण कार्य को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। यह ऑडिटोरियम शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में गौरवपथ रोड से दुर्ग-धमधा रोड तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य (लागत 200 लाख रुपये) हेतु ई-निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर को स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

**मोहमद्दा गार्डन और तालाब के उन्नयन का फैसलाः** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान मोहमद्दा गार्डन को हुई क्षति के मुआवजे के रूप में प्राप्त 87.54 लाख रुपये की राशि से मोहमद्दा गार्डन सह-तालाब के उन्नयन एवं जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने पर भी परिषद ने अपनी मुहर लगाई। इसके अलावा ग्राम कतेली स्थित ▶▶| शेष पेज 11 पर



### मुख्य द्वार पर विपक्ष का धरना

नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को उस समय राजनीतिक माहौल गरमा गया जब कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने बैठक को अवैध और नियमविरुद्ध बताते हुए बहिर्गमन कर दिया और नगर पालिका के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। नारेबाजी के बीच कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन पर लोकतंत्र की खुलेआम हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष राजू साहू ने तीखे तेवर में कहा कि 02 दिसंबर 2025 को नगर पालिका अधिनियम की धारा 57 के तहत एक तिहाई पार्षदों द्वारा विशेष बैठक बुलाने का वैधानिक आवेदन दिया गया था, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नियमों को ताक पर रखकर आवेदन को दबा दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर बैठक बुलाना अनिवार्य था, परंतु जानबूझकर इसे नजरअंदाज कर 28 जनवरी को सामान्य सभा की बैठक आहूत कर दी गई, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। राजू साहू ने आरोप लगाया कि जिस बैठक में नगर विकास, पेयजल जैसी मूलभूत समस्याएं ही एजेंडे में न हों, वह बैठक जनता की नहीं बल्कि राजनीतिक संरक्षण में की गई औपचारिक खानापूर्ति है।

**बैठक :** अवैध गतिविधियों पर सख्ती, लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण और हाईटेक पुलिसिंग पर डीआईजी का जोर

# डीआईजी रामकृष्ण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक, अपराध नियंत्रण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना एवं चौकी प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीआईजी श्री साहू ने वर्ष 2024-25 एवं उसके पूर्व के लंबित अपराधों, खात्मा-खारजी प्रकरणों की स्वीकृति, लंबित चालान अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सीसीटीएनएस में समय पर डायरी एंट्री कर प्रकरणों को अपडेट करने के लिए विशेष रूप से कहा।

बैठक में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने चोरी एवं अन्य अपराधों पर नियंत्रण के लिए रात्रिकालीन गश्त, पेट्रोलिंग एवं कांबिंग गश्त को नियमित और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।



उन्होंने सीसीटीएनएस योजनांतर्गत एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट को ऑनलाइन माध्यम से संबंधित अस्पतालों को भेजने, एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा विकसित ई-समंस पोर्टल, समन्वय पोर्टल, साइबर पुलिस पोर्टल (एनसीसीआरपी), सीईआईआर, जेसीसीटीपी एवं सीएआईआर पोर्टल के प्रभावी उपयोग एवं संचालन के निर्देश दिए। साथ ही इन प्रणालियों के संचालन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु टीम भावना से कार्य करने की बात कही। डीआईजी श्री साहू ने साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप तथा "सशक्त एप" के माध्यम से वाहन चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने स्मार्ट एवं हाईटेक पुलिसिंग को समय की आवश्यकता बताते हुए विजिबल पुलिसिंग और चेकिंग अभियानों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। बैठक में म्यूल अकाउंट धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के त्वरित निराकरण तथा गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए "ऑपरेशन मुस्कान" के अंतर्गत विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

डीआईजी ने सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने, आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के माध्यम से बाजारों, गांवों, स्कूलों एवं कॉलेजों में नवीन कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला आगंतुकों एवं रिपोर्टकर्ताओं से संवेदनशील, संयमित एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने तथा उनकी शिकायतों पर तत्काल और गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी जुड़े। बैठक में डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी शशीकला उइके, रीडर-1 शाखा के आरक्षक वासुदेव साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अश्लील गाली देने से मना करने पर युवक की हत्या, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना बेरला क्षेत्र में एक युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अश्लील गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि युवक को तालाब में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया गया और शव को पत्थर से दबाकर पानी में छिपा दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जनवरी 2026 को सतीष द्विवेदी (58 वर्ष) निवासी बेरला ने थाना बेरला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका पुत्र प्रवीण उर्फ प्रीत द्विवेदी (24 वर्ष) 25 जनवरी 2026 की रात भोजन करने के बाद बिना बताए घर से निकला था, जो अब तक वापस नहीं लौटा है। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद गुमइंसान की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच प्रारंभ की।

### पूछताछ में सामने आई हत्या की पूरी कहानी

जांच के दौरान गुमशुदा के मित्र ढालेंद्र उर्फ संजू सागरवंशी का साक्ष्य अधिनियम के तहत बयान लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने साथी वैभव सोनी के साथ मोटरसाइकिल से कर्मा चौक बेरला पहुंचा। दोनों ने पहले शराब दुकान बेरला से शराब खरीदी और फिर कुसमी स्थित ढाबे में बैठकर शराब पी। इसी दौरान प्रवीण उर्फ प्रीत द्विवेदी का फोन आया। फोन पर गलतफहमी के चलते प्रवीण ने ढालेंद्र को किसी अन्य व्यक्ति समझकर अश्लील गालियां दीं और पुराने बस स्टैंड बेरला के पास मिलने बुलाया। इसके बाद दोनों आरोपी भट्ठी से एक पौवा शराब खरीदकर प्रवीण से मिलने पहुंचे।

**शराब के नशे में बढ़ा विवाद तीनों युवक वैभव सोनी की :** टरसाइकिल से खरगा तालाब के पार भोले बाबा मंदिर के पास पहुंचे, जहां बैठकर शराब पीने लगे। इसी दौरान प्रवीण द्वारा बार-बार अश्लील गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने ▶▶| शेष पेज 11 पर

# खाद्य मंत्री बघेल ने ग्राम कुरा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- तालाब सौंदर्यकरण एवं कुर्रा कॉलेज निर्माण की प्रगति की समीक्षा, समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुरा का दौरा कर वहाँ संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिले की कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नवागढ़ दिव्या पोटाई, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने निरीक्षण के दौरान ग्राम में चल रहे तालाब सौंदर्यकरण निर्माण कार्य तथा कुर्रा कॉलेज भवन निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, गति एवं उपयोगिता की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हो तथा शिक्षा, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाए। तालाब सौंदर्यकरण से जहां ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे, वहीं कॉलेज भवन निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने मंत्री को कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई ने भी संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनहित का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी विकास कार्यों की सतत निगरानी में सहयोग करने का आग्रह किया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने मंत्री जी के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव भी रखे, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन मंत्री द्वारा दिया गया।

# गांजा की अवैध खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

- 3 किलो 480 ग्राम कच्चा गांजा पौधा जब्त, 15 हजार रुपये आंकी गई कीमत

थाना दाढ़ी पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं खेती के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम सनकपाट से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 03 किलो 480 ग्राम वजनी कच्चा गांजा का पौधा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार रुपये है, जब्त किया गया है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दाढ़ी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सनकपाट निवासी रामचरण साहू अपने बाड़ी में अवैध रूप से गांजा का पौधा उगाकर बिक्री के उद्देश्य से रखा हुआ है। सूचना की तस्दीक के बाद मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का एवं एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना दाढ़ी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सनकपाट में दबिश दी। मौके पर आरोपी के बाड़ी में गांजा का कच्चा पौधा उगा हुआ पाया गया। पुलिस ने आरोपी रामचरण साहू पिता तिहारी साहू, उम्र 45 वर्ष ▶▶| शेष पेज 11 पर

# श्रीराम कथा से जीवन को मिलता है शुचिता का मार्ग : आशीष छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम बहेरा में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं अखंड नवधा रामायण

विधानसभा अंतर्गत ग्राम बहेरा (का) में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं नवधा रामायण समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस पावन अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से प्रभु श्रीरामचंद्र भगवान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सभी के इष्ट हैं। रामकथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन के पापों का निवारण होता है और मन को शांति प्राप्त होती है। उन्होंने नवधा रामायण समिति द्वारा श्रीराम कथा महोत्सव आयोजित किए जाने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

पूर्व विधायक ने समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस पावन अवसर में आमंत्रित कर रामकथा श्रवण का सौभाग्य प्रदान किया गया, जिसके लिए वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। इस अवसर पर मिथलेश वर्मा, प्रांजल तिवारी, ऋषि वर्मा, टेक सिंह साहू, महेतर वर्मा सहित नवधा रामायण समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या ▶▶| शेष पेज 11 पर

## गलत भौतिक सत्यापन से किसान परेशान

# सैकड़ों किसान धान विक्रय से वंचित, जिपं अध्यक्ष कल्पना ने जताई सख्त नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जारी धान खरीदी व्यवस्था में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए गलत भौतिक सत्यापन के चलते सैकड़ों किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित हो रहे हैं।

इस गंभीर मामले को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिला नोडल अधिकारी पिंकी मनहर से चर्चा कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और स्पष्ट कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यदि एक भी किसान धान विक्रय से वंचित होता है, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि



जिले के कई ग्रामों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जहां भौतिक सत्यापन त्रुटिपूर्ण, असंवेदनशील और लापरवाहीपूर्ण तरीके से किया गया, जिसके कारण किसान अपनी उपज सोसायटियों में नहीं बेच पा रहे हैं। कल्पना तिवारी ने विशेष रूप से बलोदी, मुड़पार, बारगांव, मटिया, कोस्पातर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां के मेहनतकश किसान प्रशासनिक भूलों की वजह से गंभीर मानसिक और आर्थिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इसे किसानों की आजीविका और शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता दोनों के लिए घातक स्थिति बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने नोडल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों का सत्यापन गलत हुआ है, उनका पुनः सत्यापन कर तत्काल सुधार किया जाए, ताकि कोई भी किसान शासन की धान खरीदी योजना से बाहर न रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति किसानों की आय, आत्मसम्मान और भविष्य से सीधे जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें संवेदनशीलता और तत्परता बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और किसान-हितैषी होनी चाहिए, जिससे किसानों को बार-बार कार्यालयों और सोसायटियों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिकायत मिलने पर तत्काल समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने दो टूक शब्दों में कहा, "किसान अन्नदाता है। उसकी मेहनत का सम्मान करना प्रशासन का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। यदि किसान परेशान है, तो यह पूरे तंत्र की विफलता को दर्शाता है।" उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। अंत में उन्होंने भरोसा दिलाया कि बेमेतरा जिले में धान खरीदी व्यवस्था को निष्पक्ष, सुचारु और किसान-हित में बनाए रखने के लिए जिला पंचायत प्रशासन लगातार निगरानी और समन्वय कर कार्य करेगा, ताकि हर किसान को उसकी उपज का पूरा और समय पर मूल्य मिल सके।

## खबर संक्षेप

### विवाह योजना के लिए आवेदन 03 फरवरी तक

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की पात्र कन्याओं एवं उनके परिवारों से शासन की कल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए 03 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सामूहिक विवाह का आयोजन 10 फरवरी 2025 सोमवार को पूरे राज्य में एक साथ किया जाएगा। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक, सुरक्षित एवं सामाजिक रूप से मान्य विवाह को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक परिवार अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर 31 को

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जिला अस्पताल कवर्धा में 31 जनवरी 2026 को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इनमें मेमोग्राफी मशीन द्वारा स्तन कैंसर जांच, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी) तथा बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच (पेप स्मीयर टेस्ट) शामिल हैं। जिले के सभी विकासखंडों से संभावित कैंसर मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार आगे की उपचार व्यवस्था से जोड़ा जाएगा तथा उनका सतत फॉलोअप भी किया जाएगा।

# पदोन्नति को लेकर जिले के पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह छवई ने शासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

- पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश के सीएम के नाम पत्र लिखकर व्यक्त की अपनी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की पदोन्नति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नियमों की अनदेखी और भेदभाव का आरोप लगाते हुए सीधे मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की है।

मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली और पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बहस तेज हो गई है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2012 बैच के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर अपने साथ हुए कथित अन्याय, भेदभाव और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन की बात कही है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि नियमों के बावजूद उन्हें जानबूझकर पदोन्नति से वंचित किया गया। आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र सिंह छवई वर्तमान में कवर्धा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने अपने पत्र में बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी की गई पदोन्नति सूचियों में उनके नाम पर विचार किया गया, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। इन सूचियों की तिथियां 10 अक्टूबर 2024, 31 दिसंबर 2024, 26 मई 2025 और 31 जुलाई 2025 बताई गई हैं। विभागीय स्तर पर उन्हें पदोन्नति से वंचित किए जाने का कारण यह बताया गया कि उनके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन, भोपाल में जांच लंबित है। हालांकि, अधिकारी का कहना है कि उनके मामले में न तो कोई चार्जशीट जारी हुई है और न ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही चल रही है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित नहीं है और वे निलंबित भी नहीं हैं।

इसके बावजूद उन्हें वरिष्ठ वेतनमान और उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति से वंचित रखा गया, जो नियमों के विपरीत है। अपने पत्र में आईपीएस अधिकारी ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 15 जनवरी 1999 को जारी पदोन्नति संबंधी नियमों का हवाला दिया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि इन नियमों के अनुसार यदि कोई अधिकारी निलंबित नहीं है, उसके विरुद्ध आरोप पत्र जारी नहीं हुआ है और न्यायालय में आपराधिक मामला लंबित नहीं है, तो उसे पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता।

इसके बावजूद उनके मामले में नियमों की अनदेखी की गई। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया है कि उनसे कहीं अधिक गंभीर आरोपों का सामना कर रहे कई अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज हैं और जिन मामलों में न्यायालय से अंतिम रिपोर्ट तक नहीं आई है, उन्हें भी पदोन्नति प्रदान की गई। ऐसे में समान परिस्थितियों में उनके साथ भेदभाव किया जाना न्यायसंगत नहीं है।

### समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन



पत्र में आईपीएस अधिकारी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16 का उल्लेख करते हुए कहा है कि यह समान अवसर के अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने इसे इस अधिकार का खुला उल्लंघन बताया है। अधिकारी का कहना है कि समान परिस्थितियों वाले अधिकारियों को पदोन्नति दी गई, जबकि उन्हें इससे वंचित रखा गया, जिससे उनका मनोबल आहत हुआ है और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। यह मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। प्रशासनिक और पुलिस महकमे में इस मुद्दे को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल एक अधिकारी के साथ अन्याय का मामला है, बल्कि पूरी पदोन्नति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाती है और क्या पदोन्नति प्रक्रिया की समीक्षा कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाता है। साथ ही, यह भी सवाल है कि क्या एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को उसके संवैधानिक अधिकार और सम्मान मिल पाएगा या नहीं। फिलहाल, यह मामला पुलिस विभाग और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**अपराध:** लैपटॉप, कैमरा, दस्तावेज सहित अन्य कीमती सामान गायब

# ग्राम राम्हेपुर के सरकारी स्कूल में अज्ञात चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ती चोरी चकारी के बीच अज्ञात चोरों ने फिर चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया है। इस बार अज्ञात चोरों ने सरकारी स्कूल को निशाना बना है और स्कूल में रखे कीमती सामान को लेकर चंपत हो गए। स्कूल प्रशासन को घटना की जानकारी होने पर मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर स्थित शासकीय हाई स्कूल में मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर स्कूल का मुख्य ताला तोड़कर भीतर घुसे और वहां से लैपटॉप, कैमरा, डीबीआर (डीवीआर) सहित अन्य कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। बताया जाता है कि चोरों ने स्कूल कार्यालय में रखी आलमारी को भी खंगाल डाला, जिसमें रखे महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज भी गायब बताए जा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन को घटना की जानकारी सुबह स्कूल खुलने पर मिली, जिसके बाद प्राचार्य द्वारा पोंड़ी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसर का मुआयना किया। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है तथा चोरों की तलाश और मामले की छानबीन जारी है। लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### जिले से एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की वारदातें



यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही अज्ञात चोरों ने चौकी दामापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जैतपुरी के दो ग्रामीणों के मकान में दबिस देकर सोना चांदी के जेवर तथा अन्य कीमती सामान पार कर दिया था। जबकि इससे पूर्व इसी गांव में अज्ञात चोरों ने दो ग्रामीणों की सायकल भी पार की थी। लेकिन रिपोर्ट के बाद भी अभी तक अज्ञात चोरों का कोई अतापता नहीं चल पाया है। जिले में लगातार हो रही इस तरह चोरी की घटनाएं निश्चित रूप से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते नजर आ रही है।

# किसानों के पूरे धान की खरीदी की मांग कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस का चक्का जाम आज

धान खरीदी को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज सड़क पर उतरने जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के निर्देश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा 29 जनवरी, गुरुवार को राष्ट्रीय मार्ग सिमगा अंतर्गत ग्राम रांका कठिया में दोपहर 12:30 बजे चक्का जाम किया जाएगा। कांग्रेस का यह आंदोलन प्रदेश में किसानों से किए गए वादों को पूरा न करने और धान की पूर्ण खरीदी नहीं किए जाने के विरोध में किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा कि यह चक्का जाम भाजपा सरकार को नींद से जगाने के लिए किया जा रहा है। सरकार ने किसानों को उनके हक से वंचित कर रखा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार धान खरीदी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। जब तक किसानों की पूरी धान खरीदी सुनिश्चित नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

**किसान बड़ी संख्या में होंगे शामिल**

इस चक्का जाम आंदोलन में बेमेतरा जिले के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कांग्रेस ने सभी किसानों से आंदोलन में सहभागी बनकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

उक्त कार्यक्रम में जिले के पूर्व विधायकगण, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, सभी ब्लॉक एवं शहर अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य, कांग्रेस जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, कांग्रेस समर्थित सरपंच एवं पंच, सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, मजदूर कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन में मौजूद रहेंगे। धान खरीदी को लेकर हो रहे इस चक्का जाम से जिले का राजनीतिक माहौल गरमाने के आसार हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों के मुद्दे पर वह किसी तरह का समझौता नहीं करेगी और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती रहेगी।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना ने अब तक किसानों के खाते में 39.84 करोड़ रुपए किया हस्तांतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को 7.95 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। अब तक कारखाना किसानों को कुल 39.84 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुका है। यह राशि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जारी की गई है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है, जिससे सहकारी व्यवस्था पर किसानों का भरोसा और मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि नियमित भुगतान से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और साथ ही कारखाने का संचालन भी बेहतर तरीके से हो पा रहा है। कारखाना प्रबंधन ने कहा कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अपनी स्थापना से ही क्षेत्र के गन्ना किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति का सशक्त माध्यम रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और किसानों के सहयोग से कारखाना निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

### पेराई और उत्पादन में लगातार प्रगति

कारखाना प्रबंधन ने पेराई सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 1 लाख 96 हजार 10 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है। इससे 2 लाख 24 हजार 157 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह सफलता किसानों के सहयोग, प्रशासन के मार्गदर्शन और कारखाने की अच्छी कार्यप्रणाली का परिणाम है।

### सहकारिता को मजबूत करने की अपील

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन ने शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रबंधन ने इसे सहकारिता को मजबूत करने और किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का साझा अवसर बताया है। विगत पेराई सत्र 2024-25 एवं वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कारखाने की पेराई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो सका, जिससे पेराई अवधि प्रभावित हुई। उन्होनें बताया कि पर्याप्त गन्ना आपूर्ति होने से पेराई अवधि बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को आगे भी समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## कूंरा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण...



**नांदघाट।** छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री और विधायक नवागढ़ दयालदास बघेल के गृह ग्राम कूंरा में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति और गुणात्मकता का निरिक्षण करने बेमेतरा जिलाधीश प्रतिष्ठा मगलाई के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला पहुंचा और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । मंत्री जी जिला अध्यक्ष भाजपा अजय साहु कार्यकर्तागण जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत पांडातराई में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में पूरे उत्सव एवं उमंग के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत भवन में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सभापति रानू पाण्डेय, पार्षद सुशील गुप्ता, अजय गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति प्रदीप जायसवाल, संतोष गोयल, देवेंद्र डाहीरे, रामकुमार सोनी, अखिलसोनी, शाहिद पार्षद एवं नगरवासियों की उपस्थित में ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# 121 पौवा देशी मदिरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पिपरिया पुलिस ने 21.780 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश्वर ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक डोमन बंजारे, प्रधान आरक्षक देवा चंद्रवंशी, आरक्षक हेमंत शर्मा, आरक्षक मंगल पाली एवं आरक्षक संदीप राय की टीम पेट्रोलिंग एवं अवैध गतिविधियों की पतासाजी में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मछली पसरा पिपरिया क्षेत्र में एक व्यक्ति चखना दुकान में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नागेश्वर यादव पिता हीराराम यादव, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 02 पिपरिया, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की कुल 121 पौवा देशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 21.780 बल्क लीटर पाई गई। साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त 300 रुपए नगद भी जब्त किए गए।

**ग्राम चतरी की पुरूष टीम और कड़मा की महिला टीम ने मारी बाजी, किए गए पुरस्कृत**

# ग्राम मलकछरा में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मलकछरा में खेलकूद और उत्साह का तीन दिवसीय महाकुंभ कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के साथ संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुरेश धुर्वे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच श्रीमती शिवकली मानसिंह चेचाम द्वारा की गई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दृष्टि से ऐसे आयोजन के लिए आयोजक समिति की सराहना की। पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के लिए आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। पुरुष वर्ग के रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता टीमों को नगद पुरस्कारों से नवाजा गया। पुरुष वर्ग में



प्रथम चतरी की टीम रही जिसे पुरस्कार राशि 15,051, द्वितीय स्थान मदनपुर पुरस्कार राशि 10,051, तृतीय स्थान मलकछरा की टीम पुरस्कार राशि 7,051 एवं चतुर्थ मलकछरा की सी टीम रही जिसे पुरस्कार राशि 5,051 के साथ स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड प्रदान किया गया। वहीं महिला खिलाड़ियों ने भी मैदान पर अपना लोहा मनवाया और निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों की तालिका प्रथम स्थान कड़मा की टीम पुरस्कार राशि 5,051 रूपए, द्वितीय स्थान कवर्धा की टीम पुरस्कार राशि 3,051 रूपए तथा तृतीय विचारपुर टीम को पुरस्कार राशिः 2,051 रूपए प्रदान किए गए।

### भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति स्थापना का भूमिपूजन

समापन के अवसर पर ग्रामवासियों के लिए एक और गौरवशाली पल तब आया जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। आयोजक समिति और समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में बिरसा मुंडा मैदान में यह धार्मिक एवं सामाजिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान मलकछरा और आसपास के गांवों से सैकड़ो की संख्या में दर्शक पहुंचे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आयोजक समिति के सदस्यों और ग्रामीण युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# ग्राम जौग में पांच दिनी श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह मे सम्मिलित हुए विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



- 15 .30 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जौग में आयोजित पाँच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह के अवसर पर विधायक श्री दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने ग्राम में लगभग 15.30 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि "धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को सशक्त करते हैं तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। श्री रामचरित मानस केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, मर्यादा, सेवा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला आदर्श है। उन्होंने कहा कि ग्राम जौग सहित पूरे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में अश्वनी साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत जौग), मन्नूलाल, लक्ष्मी साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित हुए: सचिव रामेश्वर साहू



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत कोलेगांव के रोजगार सहायक सचिव रामेश्वर साहू को मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर द्वारा श्री साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य को समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में रामेश्वर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे ग्राम पंचायत कोलेगांव का नाम रौशन हुआ। उनके इस सराहनीय कार्य से पंचायत क्षेत्र के श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिली। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत कोलेगांव के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने रामेश्वर साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाजपा कार्यालय कुई कुकदुर में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरंगा मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया ने दी सलामी

**हरिभूमि कुई कुकदुर।** गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर 26 जनवरी को भाजपा कार्यालय कुई कुकदुर में ध्वजारोहण कार्यक्रम



संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया उपस्थित थें। समारोह की शुरुआत में मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया ने विधि-विधान से ध्वजारोहण किया, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में बसंत बाटिया ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुई के सरपंच, विभिन्न वार्डो के पंच, भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए, स्कूली बच्चों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा भर दी। वहीं इस दौरान भाजपा के अनेक वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे देश-प्रेम की भावना को मजबूत करने वाला बताया।

### पोलमी में संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पोलमी स्थित शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल भेलवानकान एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आश्रम द्वारा संयुक्त रूप से 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के सरपंच, उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं रैली निकाली गई, जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर शाला परिषर पहुंची। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में छात्र-छात्राओं ने करमा नृत्य, प्रादेशिक एवं सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि मधुर सिंह मरावी, उपसरपंच रामनाथ करायत, कालीचरण शिव, अंगद शिव, नानुक लाल गढ़ेवाल, विजय गढ़ेवाल, कंवल मार्को, संतोष सोनी, भागसिंह मरावी, प्राचार्य रामप्यारे पेंद्रो, शिक्षक मो. फिरोज खान, प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, श्रीमती चंद्रिका पुसाम, श्रीमती ममता धुर्वे, महेश उइके, द्वारिका चंद्रवंशी, खेमराज जांगड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिक्षक राकेश सोनी द्वारा किया गया।

### रणवीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि रणवीरपुर।** ग्राम रणवीरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां विद्यालय के प्राचार्य डीएस उईके द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में ग्राम सरपंच श्रीमती बिसा सरवन नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

उपमुख्यमंत्री ने सुतियापाठ में सड़क के मुरमीकरण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की

# विजय शर्मा सतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सुतियापाठ में आयोजित सतचंडी महायज्ञ, गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम उड़ियाकला में आयोजित कुण्डात्मक अतिरुद्ध महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में भी श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान साधु-संतों से आर्शीवाद प्राप्त किया तथा यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के साथ बैठकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। श्री शर्मा ने ग्राम सुतियापाठ में सड़क के मुरमीकरण के लिए 15 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और गांव के आवागमन को सुगम बनाने के लिए यह कार्य प्राथमिकता से कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। ऐसे आयोजनों से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है और सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक गौ-पालन अपनाने का आग्रह किया**



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कथा स्थल के विकास के लिए भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं। यहां संत निवास, गौशाला निर्माण, सड़क निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में यह स्थान एक प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक गौ-पालन अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गौ पालन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है। दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती और गोबर-गौमूत्र आधारित उत्पादों से किसानों की आय बढ़ सकती है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि माता हिंगलाज माई की कृपा क्षेत्र पर सदैव बनी रहे और यह पावन भूमि धर्म, संस्कृति और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती रहे। इस अवसर पर लालाराम साहू, परदेशी पटेल, भुखन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कथा प्रेमी उपस्थित थें।



## केवाईसी नहीं होने से कई राशन कार्डधारियों को नहीं मिल रहा चांवल

- शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चांवल नहीं मिलने पर हितग्राही परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चांवल वितरण प्रभावित हो रहा है। बड़ी संख्या में राशन कार्डधारियों का केवाईसी नहीं होने के कारण उन्हें माह का चांवल नहीं मिल पा रहा है। चांवल लेने दुकान पहुंचने पर हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि केवाईसी कराने के लिए वे लगातार उचित मूल्य की दुकान के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। कई मामलों में केवाईसी होने के बाद भी ऑनलाइन अपडेट नहीं हो रहा है, जिससे चांवल वितरण बंद है। माह का चांवल नहीं मिलने से गरीब परिवारों को मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दामों पर चांवल खरीदना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई परिवार ऐसे हैं जो रोज कमाते हैं और उसी से रोज का भोजन करते हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सर्वर डाउन की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था कर केवाईसी से वंचित हितग्राहियों को तत्काल चांवल दिया जाए, ताकि गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। जिस पर ग्रामवासी मोगराबाई शर्मा, ओमप्रकाश यादव, कृष्णा साहू, पुकु साहू सहित अनेक राशन कार्डधारी केवाईसी नहीं होने के कारण चांवल से वंचित नजर आ रहे हैं।

## मोहगांव में 1 फरवरी से भव्य श्रीराम कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहगांव

पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आनंद उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों हाई स्कूल मैदान के मानस मंच प्रांगण में 1 फरवरी से किया जाएगा। जिसमें स्व. श्रीमती मथुरा बाई ताम्रकार की पुण्य स्मृति में कृष्ण कुमार ताम्रकार, रामराज ताम्रकार दुर्गनिवासी द्वारा निर्मित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर मोहगांव में उक्त आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार पिछले 44 वर्षो से रामकथा का प्रवचन होते आ रहा है। जिसमें कथा व्यास के रूप में पं. मधुसुदन दाज शास्त्री श्रीधाम अयोध्या द्वारा किया जाएगा। जो कि प्रवचन प्रतिदिन 3 बजे से 5.30 बजे तक भक्तजनो को श्रीरामकथा का



श्रवणपान कराया जाएगा। साथ ही साथ रात्रिकालीन पं प्रशात कुमार मिश्र श्रीधाम वृंदावन द्वारा रात्रि 8.30 से हरिइच्छा तक श्रीरामकथा व्यास भक्तजनों को कराया जाएगा। वहीं आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा कथा प्रांगण एवं समस्त हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव को भव्य बनाने हेतु जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। जिस पर आयोजक समिति ने भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम चरित्र सत्संग का आनंद लेने अपील की गई।

## डबराभाट में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 25 जनवरी से 5 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसका शुभारंभ 25 जनवरी को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। आयोजन स्थल सारंगपुर एवं श्री पंचदेव मंदिर मार्ग पर स्थित पीएम सड़क किनारे, डबराभाट धान संग्रहण केंद्र परिषर में निर्धारित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण एकत्रित हो रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 40 हजार रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रुपए विजयी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक साहेब अहिरे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक धृतलहरे सरपंच कटगो एवं गुरु घासीदास सतनाम कल्याण समिति अध्यक्ष लकी केशकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर मैच का विधिवत शुभारंभ कराया। आयोजन सचिव रामजी लहरे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा बूथ अध्यक्ष कौशल मोहले, नीलकंठ अहिरे, लल्लू चेलक, जलेश कोशले, इंदिरा कुमार केशकर, गोलचंद मोहले, जलेश्वर धुर्वे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित थें। आयोजन को सफल बनाने में डबराभाट आयोजन समिति के कप्तान विक्रम ओगरे, दिलीप, राहुल अहिरे तथा उपकप्तान अभिषेक कोसले सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की एक सराहनीय पहल भी है।

## कुण्डा में शान से फहराया तिरंगा मनाया गणतंत्र दिवस



**हरिभूमि कुण्डा।** गणतंत्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है, इस वर्ष 26 जनवरी को भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। एक स्वतंत्र गणराज्य बनने एवं देश में कानून का राज स्थापित करने लिए 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्व्रव्य अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, सोमवार को पूरे भारत भर में गणतंत्र दिवस मनाया। इसी क्रम में ग्राम कुण्डा में सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थानों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों में भी आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ, ग्राम पंचायत कुण्डा परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, नवीन महाविद्यालय परिसर में अध्यक्ष पुरषोत्तम निर्मलकर, सेवा सहकारी समिति परिसर में अध्यक्ष अमन खनूजा, बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, सरदार पब्लिक स्कूल परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, जिला ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर, विधायक कार्यालय कुण्डा परिसर में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, भारतमाता चौक में मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी वहीं जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी, आरक्षी केंद्र में थाना प्रभारी लवानिया महिला बाल विकास में परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, बालक आश्रम में अध्यक्ष गणेश सोलंकी, बालिका आश्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष सेवाराम कुर्रे, तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ आनंद, पेट्रोल पम्प में संचालक रामस्वरूप साहू, महाराणा प्रताप चौक में उपसरपंच मुमताज अहमद व पंच वागीश चंद्राकर जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर में रामस्वरूप साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

## मनरेगा बचाव संग्राम में शामिल हुए प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी




- कांग्रेस नेताओं का आरोप, मनरेगा आज खतरे में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा में 27 जनवरी 2026 को भारत माता चौक के पास मनरेगा बचाव संग्राम के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, भूपेश बघेल, जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के निर्देश पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, श्याम कश्यप, ईश्वर शरण वैष्णव, अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुण्डा उत्तरा दिवाकर, मनरेगा प्रभारी इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर, रोमी पाल, खनूजा प्रमोद पात्रे सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थें।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन-कीर्तन के साथ किया गया तथा अतिथियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना आज खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर इस योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो गरीब परिवारों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई थी, ताकि हर परिवार को 100 दिन का काम मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा को यथावत नहीं रखा गया तो कांग्रेस पार्टी गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा सरकार को संदेश दिया गया कि मनरेगा योजना को बंद करने के बजाय इसे मजबूत किया जाए, ताकि गरीब परिवारों को रोजगार और आजीविका मिल सके। इस अवसर पर साधेराम, अनंत, दिनेश पांडेय, सनत चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, मनोज भास्कर, विनोद रजक, यासीन खान, बद्री खांडे, हेमू साहू, अंशु साहू, लखन सिंहरोल, मुकेश यादव, शिव सिंह चौहान, देव कुमार चंद्राकर, वेद प्रकाश चंद्राकर सहित कुण्डा ब्लॉक के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### कांग्रेस ने की मनरेगा बचाओ, किसानों व मजदूरों को हो रही समस्या पर चर्चा

**पंडरिया।** पंडरिया में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस बैठक में पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू की अध्यक्षता में यह प्रथम बैठक भारी संख्या में संपन्न हुआ। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी थानेश्वर पाटिला, जिला कांग्रेस के संघठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन जायसवाल की गरिमामयी उपस्थित में हुआ।

## पेज 9 के शेष

### नपा बेमेतरा की सामान्य सभा ..

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम को नगर पालिका को हस्तांतरित किए जाने, कबीर कुटी के पीछे एवं किसान भवन के सामने स्थित जर्जर सांस्कृतिक मंच को तोड़कर नए सांस्कृतिक मंच के निर्माण, शहर के तालाबों के किनारे बने जर्जर सार्वजनिक शौचालयों को तोड़कर डीलक्स शौचालय निर्माण जैसे अहम निर्णय लिए गए।

10 साल के लिए मछली पालन पट्टा: नगर पालिका परिषद के अधीनस्थ पिकरी पैठ तालाब (खसरा नंबर 393) को 10 वर्षों के लिए मछली पालन पट्टे पर देने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा के बाद निर्णय लिया गया। बैठक में भवन व भूमि नामांतरण, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, हितग्राही मूलक पेंशन योजनाएं, तथा वर्ष 2025-26 के लिए प्लेसमेंट श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु न्यूनतम दर की स्वीकृति जैसे विषयों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए गए।

कांग्रेस पार्षदों की गैरमौजूदगी पर तीखा हमला: बैठक में कांग्रेस पार्षदों की अनुपस्थिति पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि शहर के इतने महत्वपूर्ण विकास प्रस्तावों के दौरान कांग्रेस पार्षदों का अनुपस्थित रहना यह दर्शाता है कि कांग्रेस को शहर के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। नपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्षदों की मानसिकता विकास विरोधी है। शहर के भविष्य से जुड़े फैसलों में उनकी गैरहाजिरी जनता सब देख रही है। भाजपा नगर विकास के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है और आगे भी रहेगी।

भाजपा की विकास नीति पर लगी मुहर: बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति देते हुए नगर पालिका परिषद ने यह स्पष्ट कर दिया कि शहर के विकास को लेकर भाजपा नेतृत्व पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। इस बैठक में उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,सभापति नीतू कोठारी,गौरव साहू,विकास तंबोली, पंचू साहू , राजकुमार खांडे,आकिब मलकानी ,पार्षद लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार ,सजनी यादव ,रवि मुलवानी सहित नगर पालिका सीएमओ व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### पूछताछ में सामने आई ...

से विवाद गहरा गया। गाली देने से मना करने पर प्रवीण और ढालेंद्र के बीच हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू हो गई। मारपीट करते-करते दोनों युवक खरगा तालाब के पानी में गिर गए, जहां भी संघर्ष जारी रहा। इसी दौरान ढालेंद्र उर्फ संजू ने प्रवीण की गर्दन पकड़कर उसका सिर पानी में डुबो दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**शव छिपाने के लिए पत्थर से दबाया:** हत्या के बाद आरोपी ने शव को तालाब में छिपाने के उद्देश्य से उसके ऊपर पास में रखा भारी पत्थर रख दिया, ताकि शव ऊपर न आ सके। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। निशानदेही पर तालाब से बरामद हुआ शव पूछताछ के दौरान आरोपी ढालेंद्र के कथन पर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर खरगा तालाब में तलाशी अभियान चलाया, जहां पानी के भीतर पत्थर से दबा हुआ प्रवीण उर्फ प्रीत द्विवेदी का शव बरामद किया गया। शव की पहचान पंचनामा तैयार कर परिजनों से कराई गई तथा बरामदगी पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण की गई। दो आरोपी गिरफ्तार, सामान जब्त: पुलिस ने मामले में धारा 103(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान दोनों आरोपी ढालेंद्र उर्फ संजू सागरवंशी (25 वर्ष) वैभव सोनी (19 वर्ष) निवासी बेरला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी वैभव सोनी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को 27 जनवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि दिनेश चंद शर्मा, प्रधान आरक्षक जगदीश कोसरिया, आरक्षक रामेश्वर पटेल, टेकेंद्र यादव, तुकाराम निषाद, भावेश पुरी गोस्वामी, प्रितेश महिलांग, धनसाय मिरे, प्रमोद बंजारे, राजू धीवर, संदीप गायकवाड़, महिला आरक्षक मालती साहू सहित थाना बेरला के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गांजा की अवैध खेती ...

निवासी ग्राम सनकपाट, थाना दाढ़ी, जिला बेमेतरा के कब्जे से 03 किलो 480 ग्राम कच्चा गांजा का पौधा जब्त किया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी दाढ़ी निरीक्षक रोशन लाल टोंड्रे, प्रधान आरक्षक अशरफ खान, आरक्षक संजय चंद्राकर, हेम प्रसाद साहू, बिरेन्द्र चंद्रवंशी सहित थाना स्टाफ की भूमिका रही।

### श्रीराम कथा से जीवन ...

में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भक्ति, श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में न्योता भोज

**खड़गांव।** शनिवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य खेमलता दास के पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को खीर, पुलाव तथा टमाटर की चटनी परोसी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमलता दास ने मौजूद रहकर बच्चों को भोजन कराया। इस अवसर पर संकुल के सदस्य ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों के साथ भोज का आनंद लिया।

### लोक कला महोत्सव आयोजित

**चिचोला।** रामपुर में दो दिवसीय लोक कला महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस दौरान जस झांकी, फाग, रामायण, भरथरी, पंडवानी की प्रस्तुति हुई। सरपंच कन्हैया साहू एवं मनोज साहू ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ी के परंपरागत गीत संगीत को बरकरार रखने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।

### जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**पटेवा।** ग्राम में देवांगन समाज ने गत दिनों मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर सामाजिकजनों ने पूजा अर्चना शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। शीतला प्रांगण से परमेश्वरी महिला मंडल के सदस्य अपने अपने घर कलश सजा का लाए थे। कलश सजावट में प्रथम योगिता देवांगन, द्वितीय रिंकी देवांगन एवं तृतीय रीना देवांगन रही। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ में प्रथम देवकिरण देवांगन, द्वितीय रिंकी देवांगन एवं तृतीय स्थान गुनिता देवांगन ने हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंत में सामुहिक पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

### राष्ट्रीय सेविका समिति ने मनाया मकर संक्रांति

**डोंगरगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति ने स्थानीय यादव भवन वार्ड 20 में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि किरण दम्माणी एवं मुख्य वक्ता वैशाली देशकर थी। इस मौके पर श्रीमती दम्माणी ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं में वर्णित तीज त्योहारों में शामिल मकर संक्रांति के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती देशकर ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपरा और मान्यताओं के अनुसार चलकर ही हम देश और समाज के कुछ काम आ सके यही हमारी उपलब्धि होगी। जिला संपर्क प्रमुख अनुराधा शर्मा ने अतिथि परिचय दिया।अंत में बबिता ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पश्चात महिलाओं, बच्चों ने तिल लड्डू, मिक्सर के साथ खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

### पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा 30 तक

**डोंगरगढ़।** दिव्यांग महिला पुरूष्ज्ञ के लिए रायपुर में 16 वी राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में रखा गया है। स्पर्धा में विजेताओं को नेशनल लेवल तक खेलने का मौका मिलेगा। यहां जानकारी ऋषि मिश्रा, श्रीयारानी देई ने दी।

---

### पर्व : शासकीय शिशु मंदिर में घोष संचलन बना आकर्षण

# गणतंत्र दिवस पर नवागढ़ नगर हुआ देशभक्ति के रंग से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवागढ़ नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। विद्यालयों, सामाजिक संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों, प्रभात फेरियों और प्रेरक संदेशों ने पूरे नगर को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया।



स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल नवागढ़ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की पूर्व मेधावी छात्रा वर्षा यादव रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का संदेश दिया। प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ में भी गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत्त अधिकारी भागवत प्रसाद ठाकुर एवं समाजसेवक रजवा राम यादव ने विद्यार्थियों को नैतिक व व्यावहारिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय संचालक गलपाल सिंह ने स्वतंत्रता की रक्षा हेतु सदैव सजग रहने की अपील की।



#### गुरुकुल में सैनिक पुत्र ने फहराया तिरंगा

गुरुकुल विद्यालय सुकुलपारा नवागढ़ में गणतंत्र दिवस का आयोजन भावनात्मक क्षणों का साक्षी बना, जब भारतीय सेना में राजस्थान में पदस्थ सैनिक अजय विश्वकर्मा के पुत्र लक्ष्य विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। लक्ष्य ने अपने पिता पर गर्व व्यक्त करते हुए सभी सैनिकों के सुरक्षित रहने की कामना की।



विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता एवं नारों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय संपत्ति के सम्मान पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि गुरुकुल विद्यालय में वर्ष 2016 से नियमित ध्वजारोहण एवं सैनिकों के लिए प्रार्थना की परंपरा चली आ रही है।

शासकीय शिशु मंदिर नवागढ़ में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र सत्यम ताम्रकार, विशेष अतिथि सेवानिवृत्त आरआई रामधुन रजक एवं पार्षद प्रतिनिधि रमेश निषाद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात देशभक्ति कविता, भाषण एवं झांकी युक्त घोष संचलन निकाला गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय दल ने नगर पंचायत के मुख्य कार्यक्रम में भी सहभागिता निभाई।

#### महाकाल फ्यूल्स में भी फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी, सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा आशीष जैन ने नवागढ़ स्थित महाकाल फ्यूल्स में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर फ्यूल्स संचालक अभिषेक पाठक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने राष्ट्रगान के साथ संविधान और राष्ट्र की एकता के प्रति निष्ठा दोहराई।

#### देशभक्ति से सराबोर रहा पूरा नगर

नवागढ़ में गणतंत्र दिवस केवल एक आयोजन नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम, संस्कार और जिम्मेदारी का संदेश बनकर उभरा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग ने संविधान और तिरंगे के सम्मान का संकल्प लिया।

---

## सीएसपीडीसीएल की ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता, जिले के प्रतिभागियों को मिलेगा मंच

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025–26 के गौरवपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल), दुर्ग क्षेत्र द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं विद्युत सुरक्षा को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रचनात्मक और प्रेरक पहल की गई है। इसके तहत ऊर्जा संरक्षण एवं विद्युत सुरक्षा विषय पर ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बेमेतरा, दुर्ग और बालोद जिले के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गुलाब राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को ऊर्जा के महत्व, अक्षय ऊर्जा स्रोतों, ऊर्जा संरक्षण तथा विद्युत सुरक्षा (इलेक्ट्रिकल सेफ्टी) के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अपनी कलाकृति इन विषयों में से किसी एक पर स्वतंत्र रूप से तैयार कर सकते हैं। उन्होंने बताया यह चित्रकला प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए खुली है। इसमें बच्चे, युवा और वरिष्ठ नागरिक समान उत्साह के साथ भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता 4 फरवरी सेजेसे कन्या शाला परिसर में होगी। प्रतिभागियों को पेंटिंग तैयार करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कागज, रंग, ब्रश आदि स्वयं लाने होंगे, जिससे उनकी मौलिकता और रचनात्मकता खुलकर सामने आ सके। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को अपनी तैयार पेंटिंग संबंधित जिले में निर्धारित स्थान पर जमा करनी होगी। जिनमें बेमेतरा जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पूनम महिलांगे के पास पेंटिंग जमा करेंगे। 31 जनवरी अंतिम तिथि, मिलेगा सम्मान और पुरस्कार श्री साहु ने बताया कि पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के समापन के बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा सभी प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट चित्रों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

---

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी नवागढ़ डॉ. विकास पांडेय के निगरानी में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव, उपचार पद्धति एवं औषधियों की संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने हेतु निर्धारित छह सूचकांकों के आधार पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को निक्षय मित्र बनने एवं अन्य नागरिकों को प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी मुक्त पंचायत बनाने की शपथ दिलाई गई तथा "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" के नारे के साथ अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास पांडेय, जनपद पंचायत नवागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सनत महादेवा, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक प्रमोद साहू, यू.आर. धुर्वे (प्रभारी बीईटीओ) सहित नवागढ़ विकासखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## घुरसेना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस विकास कार्य व प्रतिभा प्रोत्साहन की हुई घोषणाएं



**नांदघाट।** घुरसेना में धूमधाम से गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। इस वर्ष मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने राष्ट्र नेताओं को श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए ध्वज वंदन किया तद उपरांत शास. हाई स्कूल घुरसेना में छात्राओं का मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर सरपंच सावित्री गौतम साहू जनपद सदस्य जितेंद्र मांत्रे प्राचार्य अजय दुबेके विद्यालय संबंधी समस्याओं पर मुख्य अतिथि अंजू बघेल का ध्यान आकर्षित करने पर जिला पंचायत सभापति ने विभिन्न कार्य हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा भी की तथा 90% से अधिक अंक पर विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्रधानाध्यापक टंडन पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि विवेक शुक्ला उप सरपंच शुभम शुक्ला पूर्व सरपंच तारण दास मांत्रे शाला विकास समिति अध्यक्ष श्यामलाल साहू बसंत पांडे मोहम्मद हकीम मोहन साहू दुर्गेश वर्मा देवेंद्र साहू समेत विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाएं समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षकों, राज्यपाल पुरस्कृत स्काऊट गाईड को भी अतिथियों ने सम्मानित किया ।



**बेमेतरा।** जिला चिकित्सा के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी संजय कुमार तिवारी को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि विजय बघेल के हाथों सम्मानित किया गया

## अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं सरस्वती शिशु मंदिर: नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सरस्वती शिशु मंदिर बारगांव में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक नरेंद्र वर्मा ने

- सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी प्रस्तुति



दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिक उत्सव के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं।

जीवन में अनुशासन अति आवश्यक है जिसे बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही होना चाहिए और सदैव अपने लक्ष्य को याद करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा स्थानीय संस्कृति व अपनी प्रतिभा को मंच पर दिखया गया। बच्चों ने देश भक्ति को महत्व देते हुए देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। मंचासीन अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन तालियों के साथ किया गया। वहीं विद्यालय के द्वारा प्रतिभागी बच्चो को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रधानाचार्य सरला यादव ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर हमारी धार्मिक संस्कृति संस्कारों की पाठ शाला है। जहां देशभक्ति उत्साह की शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर प्रभा यादव, पूर्णिमा मानिकपुरी, पूजा साहू, सरोज साहू, सावित्री यादव, लता साहू, मालती साहू, प्रियंका पाल, उमेश यादव सहित पालकगण उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत केसला में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नांदघाट।** ग्राम पंचायत केसला आश्रित ग्राम पिरैया खपरी में युवा सरपंच प्रमोद कुमार देवांगन ने विद्यालयों और पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया कार्यक्रम में उपसरपंच मोतीलाल साहू कांति बांधे कांती ध्रुव बजरंग शर्मा खेमिन साहु शत्रुहन नवरंग उषा साहु उषा ध्रुव सुखराम निषाद सुखनंदन सेन पंचगण सचिव भुपेंद्र वर्मा ईश्वर साहु जोगी बांधे केशव साहु लोकमणी साहु राकेश तिवारी नंदकुमार निषाद समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक गण शिक्षक गण एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर उत्साह पूर्वक गणतंत्र पर्व मनाया गया ।



## अंचल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, जगह-जगह लहराया तिरंगा



**नांदघाट।** अंचल में धूमधाम से मचाया गया गणतंत्र दिवस जगह जगह लहराया तिरंगा । अंचल में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया तहसील कार्यालय नांदघाट में तहसीलदार सुमित देवांगन ने राष्ट्र ध्वज फहराया इस अवसर पर लिपिक खोमेंद्र नेताम अधिवक्ता मनोज पांडे नीलम कौशल संतोष साहु अकबर गायकवाड दिलेश्वर निलेश निषाद वेदुदास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

थाना नांदघाट में नगर निरीक्षक लेखराम ठाकुर ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी इस अवसर पर प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला नयन दास रात्रे राजकुमार चौबे आरक्षक सुरेश सोनकर मिथुन चंद्रवंशी नरेंद्र बंजारे संजय साहू बालमुकुंद सिंह अजय गोयलउपस्थित रहे शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंप्राचार्य नारायण जांगड़े ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार आसपास सभी जगह पर हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र पर्व मनाया गया। ग्राम मगरघटामें शाउमावि में अध्यक्ष सीताराम साहु ने तथा पंचायत में सरपंच योगेश जांगड़े द्वारा उपसरंच जगदीश साहु सचिव विमल टंडन एवं समस्त पंचों ग्रामीण जनों की उपस्थिति में ध्वज वंदन किया गया। अकोली में सरपंच सुनिता निषाद करमसेन में सरपंच मोहन ध्रुव टेमरी में सरपंच शिवमूर्ती कोसले पौंसरी में सरपंच मनोज मांडले कुरा में सरपंच सतीष मिश्रा द्वारा ध्वज फहराया गया।

---

### कलश यात्रा के साथ बारगांव में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# श्रीमद् भागवत के अनुसरण से भक्तों का होता है कल्याण: श्रद्धा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

ग्राम बारगांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन बुधवार की शाम 4 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा स्थल से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल पीतांबर धारी महिलाएं व कन्याएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। शोभा यात्रा का शुभारंभ कथा स्थल से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर व विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई।

- 1 फरवरी को कृष्ण जन्मोत्सव व 2 को श्रीकृष्ण–रूखमणी विवाह



कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से दीक्षा प्राप्त पूज्या श्रद्धा दीदी ने श्रीमद् भागवत महापुराण की विधिवत पूजन कर मंत्रोच्चारण के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर मंगल कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। बुधवार को बैंड बाजा के साथ निकाली गई कलश यात्रा में भक्तजन भजन कीर्तन नाचते गाते चल रहे थे। इस मंगल कलश यात्रा में चौक-चौक में फूलों की भी वर्षा हुई। सभी ने कलश को कथा स्थल के मंच पर रख कर विधिवत पूजन पाठ कर अपने इष्ट देवता की आराधना में समर्पित रह कर प्रसाद को ग्रहण किया।

9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से दीक्षा प्राप्त पूज्या श्रद्धा दीदी के सानिध्य में विधि विधान के साथ विधिवत पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत के अनुसरण से भक्तों का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वह तीर्थस्थल कहलाता है। प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक कथा का समय है। वहीं शाम 5 से 6 बजे प्रतिदिन जीवंत झांकी होगी।

वहीं 29 जनवरी को सृष्टि वर्णन, वराहावतार, 30 जनवरी को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र की कथा होगा। 31 जनवरी को प्रहलाद चरित्र व 1 फरवरी को श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्म, 2 फरवरी को बाललीला, श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह होगी। वहीं 3 फरवरी को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, 4 फरवरी को परीक्षित मोक्ष, चढोत्री, शोभायात्रा व 5 फरवरी को गीता सहसधारा, तुलसी वर्षा व हवन पूर्णाहुति होगी। आयोजन को सफल बनाने में मनहरण वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मंगला यादव, चुम्मन वर्मा, श्याम, नागेश्वर साहू, ईश्वरी साहू, कमलनारायण सहित गांव के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

#### वृंदावन की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र

श्रीमद्भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र है, क्योंकि यह भगवान कृष्ण की लीलास्थली है और कथा के दौरान राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती व अन्य देवी-देवताओं की सजीव और मनमोहक झांकियां सजाई जाएगी, जो भक्तों को भक्ति रस में डुबो देती हैं और वातावरण को दिव्य बना देती हैं। अपनी कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला, सुदामा-कृष्ण मिलन आदि के प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से जीवंत कर देते हैं।

